पशुधन विभाग

उत्तर प्रदेश

कार्यपूर्ति दिग्दर्शक

(परफॉरमेंस बजट)

आय-व्ययक

वर्ष 2017-18

अनुदान संख्या-15

कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (पशुधन)

उत्तर प्रदेश, पशुपालन विभाग का कार्यपूर्ति दिग्दर्शक एवं आय-व्ययक सर्वप्रथम सदन में वर्ष 1974-75 में प्रस्तुत किया गया था। उक्त वर्ष से अनवरत् रूप से इसे प्रत्येक वर्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे विभागीय कार्यकलापों, पूर्व वर्षों में संचालित विभागीय कार्यक्रमों की उपलब्धियों, वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों एवं आगामी वर्ष के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों से सदन के माननीय सदस्यों को अवगत कराया जा सके। प्रस्तुत विभागीय कार्यपूर्ति दिग्दर्शक एवं आय-व्ययक में विभिन्न कार्यक्रमों के वित्तीय लक्ष्य एवं सापेक्ष भौतिक लक्ष्यों को यथा-सम्भव प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है।

आशा है यह कार्यपूर्ति दिग्दर्शक एवं आय-व्ययक वर्ष 2017-18, स्वीकृत बजट के उपयोग पर उचित नियन्त्रण रखने में सहायक सिद्ध होगा तथा इससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण में सहायता मिलेगी।

लखनऊ

दिनांक: जून, 2017

(डॉ सुधीर एम0 बोबडे)
प्रमुख सचिव, पशुधन विभाग,
उ०प्र० शासन ।

विषय - सूची

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1	भूमिका	1
2	विभाग के अंतर्गत संस्थायें	7
3	ई - गवर्नेंस के अंतर्गत प्रमुख कार्यक्रम	9
4	वित्तीय आवश्यकतायें	
4क	कार्यक्रम का वर्गीकरण	10
4ख	विभागीय आय-व्ययक वर्गीकरण	11
4ग	मुख्य लेखाशीर्षकवार आय-व्ययक (एक दृष्टि में)	12
5	वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण	
5(1)	निदेशन तथा प्रशासन	13
5(2)	पशु चिकित्सा सेवाएं तथा पशु स्वास्थ्य	13
5(3)	रोगों से बचाव हेतु टीकों का उत्पादन	18
5(4)	उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा परिषद्	21
5(5)	पशु तथा भैंस विकास	21
5(6)	कुक्कुट विकास	26
5(7)	भेंड तथा ऊन विकास	33
5(8)	सूकर विकास एवं बकरी विकास	34
5(9)	अन्य पशुधन विकास	36
5(10)	चारा तथा चारागाह विकास	39
5(11)	प्रसार तथा प्रशिक्षण	43
5(12)	प्रशासनिक अन्वेषण तथा सांख्यिकी	44
5(13)	अन्य व्यय	46
5(13)(अ)	गौशाला विकास	46
5(13)(ब)	चर्म शोधन एवं पशु शव के उपयोग	48
6	विभागीय कार्यक्रमों के अंतर्गत विभागीय प्राप्तियां	50
7	विगत तीन वर्षो में स्वीकृत पदों कि सूची	52

भूमिका

पशुपालन विभाग की पृथक रूप से स्थापना वर्ष **1944** में की गयी थी। पशुधन के सर्वांगीण विकास पशु चिकित्सा, रोग नियंत्रण, प्रजनन एवं चारा विकास आदि कार्यक्रमों को सुनियोजित ढंग से आरम्भ किया गया। वर्तमान में प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सुदृढ करने के उद्देश्य से विभागीय कार्यक्रमो को स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ कर कृषि के साथ पशुपालन वृहत्तर योगदान कर रहा है। पशुधन विकास के चार प्रमुख आयाम, उन्नत पशु प्रजनन, पशु स्वास्थ्य, पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण के क्षेत्र में समग्र प्रयास, पशुधन के चहुंमुखी विकास का प्रमुख आधार है। देश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है।

<u>पशुपालन विभाग की सरंचना</u>

प्रदेश में प्रथम वार 2 निदेशक के पदों का सृजन किया गया है एवं दोनों निदेशक यथा निदेशक (प्रशासन एवं विकास) तथा निदेशक (रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र) अपने-अपने पदों पर पदासीन है। दोनों निदेशकों को विभिन्न योजनाओं की संरचना, स्वीकृति एवं कार्य क्रियान्वयन में सहयोग हेतु चार अपर निदेशक (ग्रेड-1), एक - वित्त नियत्रंक एवं एक - संयुक्त निदेशक (प्रशासन) के पद सृजित हैं।

(1) मुख्य उद्देश्यः-

1. प्रदेश में दूध, अण्डा, ऊन एवं मांस उत्पादन में वृद्धि कर प्रदेश को स्वावलम्बी बनाना।
2. समन्वित पशु स्वास्थ्य सुरक्षा एवं चिकित्सा कार्यक्रमों की क्षमता का उपयोग कर पशुओं को स्वस्थ रखना।
3. विभिन्न पशु महामारियों के नियंत्रण एवं उन्मूलन हेतु समग्र एव सघन प्रयास करना।
4. प्रदेश के लिए निर्धारित पशु प्रजनन नीति के अनुसार उन्नत प्रजनन एवं कार्यक्रम का संचालन करना।
5. विभिन्न लघु पशुओं (भेड़/बकरी/सूकर आदि) का विकास एवं लघु पशु उत्पादन क्षेत्र में स्वरोजगार का सृजन एवं गरीब ग्रामीणों का आर्थिक स्वावलम्बन सुनिश्चित करना ।
6. पशुधन हेतु पर्याप्त चारे एवं पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित करना ।
7. चयनित पैरावेटों को प्रशिक्षण प्रदान करना ।
8. गौशालाओं का विकास करना, गोवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी/परिवहन को रोकने एवं गोवध निवारण अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सहयोग प्रदान करना।
9. पशु चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक वैज्ञानिक विधियों का समावेश ।
10. पशुपालन विभाग के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करना।
11. उद्यमिता विकास से सम्बंधित योजनाओं को संचालित करना।

(2) पशुपालन विभाग के प्रमुख कार्यक्रम

1. पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
2. गाय एवं भैंस विकास
3. कुक्कट विकास
4. भेड़-बकरी विकास
5. सूकर विकास
6. अन्य पशुधन विकास
7. चारा और चरागाह विकास
8. गौशाला एवं गो सदनों का विकास
9. गो सेवा आयोग का सुदृढ़ीकरण
10. पशुपालन प्रचार एवं प्रसार का कार्यक्रम
11. प्रशासनिक अन्वेषण एवं सांख्यकीय
12. बुन्देलखण्ड क्षेत्र की विशेष योजनाए
13. उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद का कार्यान्वयन
14. उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम के अंतर्गत पशुपालन कार्यक्रम
15. वेटनरी काउन्सिल का कार्यान्वयन
16. 20वी पशुगणना कार्यक्रम
17. राष्ट्रीय कृषि विकास योजनायें

उपलब्धियाँ

- प्रदेश में वर्ष **2016-17** में 275.53 (अनन्तिम) लाख मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। वर्ष **2016-17** में 2283.20 (अनन्तिम) मिलियन अण्डे एवं 12.70 (अनन्तिम) लाख किलोग्राम ऊन का उत्पादन किया गया।
- प्रदेश मांस उत्पादन एवं निर्यात में भी प्रथम स्थान पर है।
- प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में प्रतिवर्ष 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में शत-प्रतिशत पशुओं को खुरपका-मुँहपका रोग का टीका लगाकर रोग मुक्त क्षेत्र की स्थापना के लिये प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु विभाग द्वारा अभियान के रूप में किये गए व्यापक टीकाकरण से पशु खुरपका-मुँहपका रोग से ग्रसित नहीं हुए।
- प्रदेश में गोवंशीय एवं महिषवंशीय दुधारू पशुओं में बढ़ती हुई बाँझपन की समस्या के निराकरण हेतु विशेष योजना लागू कर 03.17 लाख पशुओं की वर्ष 2016-17 में बाँझपन चिकित्सा से आच्छादित कर पशुओं को प्रजनन के योग्य बनाकर दुग्ध उत्पादन में अतिरिक्त बढ़ोत्तरी प्राप्त की गयी है।
- पशु एवं कुक्कुट आहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अत्याधुनिक परिवेश की न्यूट्रीशन प्रयोगशाला, लखनऊ मुख्यालय पर स्थापित कर क्रियाशील है ।
- ग्रामीण नवयुवकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से ग्राम पंचायत स्तर पर पैरावेट्स का चयन करते हुए पशु प्रजनन क्षेत्र में प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराया गया।

- कामधेनु योजना (100 दुधारू गाय / भैंस), मिनी कामधेनु (50 दुधारू गाय / भैंस) एवं माइक्रो कामधेनु (25 दुधारू गाय/ भैंस) योजनान्तर्गत मार्च, 2017 तक लक्ष्य क्रमशः 300, 1500 एवं 2500 इकाईयों की स्थापना के सापेक्ष 293, 1469 एवं 1896 इकाईयाँ स्थापित हुई हैं। इस योजना से प्रदेश में 8.4 लाख लीटर अतिरिक्त दुग्ध का उत्पादन प्रतिदिन है। इसके अंतर्गत 14067 व्यक्तियों को रोजगार का सृजन हुआ है तथा इसके साथ-साथ रु० 1646.00 करोड़ का निवेश हुआ है।
- कुक्कुट विकास नीति **2013** के अंतर्गत माह मार्च, 2017 तक 3000 पक्षी क्षमता के कामर्शियल लेयर फार्म की 155 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष 161 इकाईयां तथा 10000 पक्षी क्षमता की 315 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष 80 इकाईयां क्रियाशील है, जिनसे प्रदेश में 50.67 लाख अण्डों का अतिरिक्त उत्पादन हो रहा है। इस कार्यक्रम को लागु किये जाने से प्रदेश में 16800 व्यक्तियो को स्वरोजगार प्राप्त हुआ है। योजनान्तार्गत प्रदेश में रू0 431.63 करोड़ का निवेश हुआ है।
- प्रदेश अंतर्गत बैकयार्ड कुक्कुट योजना में 15000 इकाईयों की स्थापना से अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के कुक्कुट पालकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया।
- जन समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु पशुधन समस्या निवारण केन्द्र की स्थापना की गयी है, जिसका टोल फ्री नं0. **1800 180 5141** एवं लैंडलाइन नं० **0522- 2741991** है।

(3) पशुधन का स्तरः

पशुगणना वर्ष 2007 (18वी पशुगणना) तथा 2012 (19वीं पशुगणना) के अनुसार प्रदेश में पशुधन संख्या (कुत्तों सहित) क्रमशः 693.69 लाख तथा 746.71 लाख रही, जैसा कि निम्नलिखित तालिका में दर्शित हैः-

(संख्या लाख में) **(तालिका - 1)**

पशु प्रजाति का विवरण	पशुओं की संख्या वर्ष 2007	पशुओं की संख्या वर्ष 2012	वृद्धि/ह्रास का प्रतिशत
कुल पशुधन	693.69	746.71	7.64
कुल गोवंशीय	190.97	205.66	7.69
1 दूध दे रही	45.47	58.83	29.38
2 सूखी	14.04	23.72	68.95
कुल महिषवंशीय	264.40	306.25	15.83
1 दूध में	91.86	105.38	14.72
2 सूखी	25.75	34.12	32.50
कुल बकरी	148.29	155.86	5.10

कुल भेड़	14.00	13.54	(-) 3.29
कुल सूकर	19.87	13.34	(-) 32.86
अन्य पशुधन	2.13	2.60	22.64
कुत्ते	54.03	49.46	(-) 8.46
कुक्कुट	178.80	186.68	4.41

19वीं पशुगणना 2012 में कुल गोवंशीय पशुओं की संख्या में 10.09 लाख् छुट्टा गोवंशीय सम्मिलित हैं।

(4) उत्पादकता एवं उत्पादनः

अ- उत्पादकताः-

वर्ष 2015-16 की सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश में विभिन्न पशुजन्य पदार्थों का उत्पादन तथा प्रति पशु औसत उत्पादकता निम्नवत हैः-

(तालिका -2)

क्रमांक	पशुजन्य पदार्थ का नाम	पशु प्रजाति का नाम	इकाई	वर्षवार औसत उत्पादन प्रति पशु प्रतिदिन (भारित औसत)	
				2014-15	**2015-16**
1	दुग्ध उत्पादन	क- स्वदेसी गाय	किलोग्राम	**2.597**	**2.938**
		ख- विदेशी गाय	किलोग्राम	**7.103**	**7.045**
		गाय औसत सम्पूर्ण	किलोग्राम	**3.178**	**3.785**
		ग- भैंस	किलोग्राम	**4.467**	**4.332**
		घ- बकरी	किलोग्राम	**0.762**	**0.763**
		क1-स्वदेसी गाय	किलोग्राम	**0.00**	**3.373**
		क2-अवर्णित गाय	किलोग्राम	**0.00**	**2.151**
		ख1-विदेशी गाय	किलोग्राम	**0.00**	**7.852**
		ख2-क्रास ब्रीड गाय	किलोग्राम	**0.00**	**6.955**
		ग1-स्वदेसी भैंस	किलोग्राम	**0.00**	**4.661**
		ग2-अवर्णित भैंस	किलोग्राम	**0.00**	**3.193**
2	अण्डा उत्पादन	क-अवर्णित	संख्या	**167.611**	**136.4**
		ख-उन्नतिशील	संख्या	**211.394**	**211.3**
		ग-औसत सम्पूर्ण	संख्या	**190.271**	**192.8**
3	ऊन उत्पादन	भेड़	किलोग्राम	**0.902**	**0.889**

ब-उत्पादन स्तरः- प्रदेश में पशुजन्य उत्पादों का उत्पादन स्तर निम्नलिखित हैः-

(तालिका - 3)

कं0 सं0	पशुजन्य उत्पादों का नाम	इकाई का नाम	2006-07 का स्तर	ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त की उपलब्धि	बारहवीं पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य	वर्ष 15-16 का पूर्ति	वर्ष 16-17 का लक्ष्य	वर्ष 2016-17 की पूर्ति
1	**दूध**	लाख मी0टन	**180.946**	**225.568**	**362.455**	**263.87**	**362.455**	**275.53**
2	**अण्डा**	मिलियन	**948.318**	**1607.613**	**1876.579**	**2192.85**	**1876.579**	**2288.95**
3	**ऊन**	लाख कि.ग्रा.	**14.608**	**14.202**	**26.233**	**12.65**	**26.233**	**12.86**

(5) विभागीय आय-व्ययक स्तरः- (अनुदान संख्या-15 के अधीन)

विभागीय उद्देश्यों की पूर्ति हेतु योजनाओं के अन्तर्गत धन की व्यवस्था की गयी है। विभाग के अन्तर्गत निम्न योजनायें क्रियान्वित की जा रही हैः-

1. निदेशन तथा प्रशासन
2. पशुचिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य
3. पशु तथा भैंस विकास
4. कुक्कुट विकास
5. भेड़ तथा ऊन विकास
6. अन्य पशुधन विकास
7. चारा तथा चारागाह विकास
8. प्रशासनिक अन्वेषण तथा सांख्यकीय
9. पशु चिकित्सा शिविर एवं प्रचार-प्रसार

वर्ष 2017-18 के अन्तर्गत निम्न धनराशि का आय-व्ययक प्राविधान लेखा-अनुदान अवधि के लिए हुआ है जिसका विवरण निम्नवत हैः-

(तालिका - 4)

क्रं0सं0	मद का नाम	(रू0 लाख में)
1	अधिष्ठान	74859.08
2	आकस्मिक	49367.87
	योग मतदेय	124226.95
	भारित	13.79

पशुपालन का वर्तमान स्तरः-

उत्तर प्रदेश विशाल जनसंख्या एवं क्षेत्रफल वाला प्रदेश है। प्रदेश की आबादी 20 करोड़ से अधिक है जो राष्ट्रीय जनसंख्या का लगभग 16.16 प्रतिशत है। प्रदेश में अनुमानत 70 प्रतिशत लोग आज भी गाँव में निवास करते हैं एवं कृषि आधारित कार्य उनकी जीविकोपार्जन का साधन है। गाँवों में निवास कर रही जनसँख्या का 65 प्रतिशत छोटे, 7.8 प्रतिशत दो एकड़ से कम जोत वाले तथा 27.2 प्रतिशत दो से पांच एकड़ की जोत वाले कृषक है। अधिक जनसँख्या एवं कम जोत भूमि के कारण प्रदेश के बहुसंख्यक किसानों को कृषि के साथ-साथ अन्य सम्बंधित कार्य अपनी जरूरतों की पूर्ति हेतु करना पड़ता है। ऐसे ग्रामीण परिवारों के जीविकोपार्जन हेतु पशुपालन सर्वोत्तम विकल्प है, क्योंकि छोटी जोतों पर भी यह किसानों को नियमित एवं सुनिश्चित आय सुलभ कराता है। वस्तुतः इन्हीं लघु कृषकों / भूमिहीन कृषि श्रमिकों द्वारा प्रदेश में उपलब्ध पशुधन का लगभग 90 प्रतिशत पशुओं का पालन-पोषण किया जाता है।

प्रदेश, दुग्ध उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 330 ग्राम प्रतिदिन है। उपरोक्त तालिका- 2 के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रति गाय अथवा प्रति भैंस औसत दैनिक उत्पादन क्रमशः 3.785 तथा 4.332 किलोग्राम है। इस प्रकार प्रदेश में प्रति पशु दुग्ध उत्पादन वृद्धि की असीम सम्भावनायें हैं।

प्रदेश, सकल अण्डा उत्पादन में देश में आठवें स्थान पर है। प्रदेश में उत्पादित कुल अण्डे का 35 प्रतिशत अण्डा निजी क्षेत्रों से तथा 65 प्रतिशत बैकयार्ड पोल्ट्री से प्राप्त होता है। प्रदेश में पक्षियों से प्रति पक्षी औसत वार्षिक अण्डा उत्पादन की संख्या 192.8 है। अण्डा/मांस के उत्पादन-खपतें के अन्तर को पूरा करने के लिए लगभग 100 लाख अण्डा और 0.30 लाख ब्रायलर पक्षियो का प्रतिदिन निकटस्थ प्रदेशों से आयात करना होता है। इस प्रकार कुक्कुट पालन व्यवसाय के निजी क्षेत्रों में विकास की पूर्ण संभावनायें है।

प्रक्रियात्मक रणनीति

समस्त विभागीय कार्यक्रमों के लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति तथा उसमें गुणात्मक सुधार लाये जाने हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायें जाने हेतु बल दिया गया हैः -

- पशुपालन के क्षेत्र में गुणात्मक एवं मात्रात्मक मानव संसाधन विकास हेतु पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार।
- संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए सघन टीकाकरण का संचालन एवं पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार।
- पशुओं में अनुवर्रता निवारण शिविरो का आयोजन करना।
- उन्नत पशु प्रजनन आच्छादन को 32.5 प्रतिशत (52 लाख) के स्तर से 40 प्रतिशत (64 लाख) तक वर्ष 2017-18 में बढ़ाना।
- कुक्कुट पालन को बढ़ावा देने के लिए बैकयार्ड कुक्कुट इकाईयों एवं कामर्शियल लेयर इकाईयों की स्थापना।

- कुक्कुट उद्यमिता का विकास करना।
- सूकर एवं भेड़ बकरी पालन को बढ़ावा देकर गरीब ग्रामीणों का आर्थिक उत्थान करना।
- पशुओं को उचित पोषण सुनिश्चित करने हेतु चारा एवं चारागाह विकास कार्यक्रम संचालित करना।
- स्वरोजगार के अवसर सृजित करना।

वर्ष 2017-18 हेतु प्राथमिकतायें -

- दुधारू पशुओ की तस्करी रोकना
- अवैध कत्लखानों को पूरी कठोरता से बन्द किया जायेगा
- गरीब परिवारों के पशुओं का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करने के लिए पशु स्वास्थ्य बीमा योजना
- फसलों की क्षति को रोकने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि आरक्षित कर पशु संरक्षण की योजना
- प्रदेश में भूमिहीन कृषि मजदूरों को गोधन योजना अन्तर्गत गाय व अन्य दुधारू पशु उपलब्ध कराने की योजना
- कृषि से सम्बद्ध किसानों एवं कृषि श्रमिकों की आय में वृद्धि कराना।
- विभिन्न कार्यक्रमों, यथा पशु प्रजनन, पशु चिकित्सा तथा स्वास्थ्य में गुणात्मक सुधार लाया जाना एवं पशुपालन सेवाओं का विस्तार करना।
- किसानों को अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से स्थानीय जरूरतों के अनुरूप पशुपालन की योजनाएं तैयार करना तथा उनके क्रियान्वयन में किसानों की सहभागिता सुनिश्चित कराना।
- उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास नीति-13 को क्रियान्वित कर कुक्कुट पालन में उद्यमिता विकास।

<u>विभागीय संस्थाएं</u>

तालिका -6

क्र0सं0	संस्था का नाम	वर्ष 2016-17 की वास्तविक स्थिति
1	पशु चिकित्सालय	2202
2	पशु सेवा केंद्र	2575
3	डी श्रेणी पशु औषधालय	267
4	सचल पशु चिकित्सालय	25
5	पोलीक्लीनिक	06
6	केन्द्रीय प्रयोगशाला	01
7	मण्डलीय प्रयोगशाला	10
8	कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र	5043
9	तरल नत्रजन केन्द्र	02

10	अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र	03
11	सघन भेंड विकास परियोजना	01
12	मेढ़ा केंद्र	05
13	भेंड तथा ऊन प्रसार केंद्र	180
14	भेड़ प्रक्षेत्र	02
15	राजकीय बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र	06
16	भदावरी भैस एवं जमुनापारी बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र	01
17	राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र	10
18	सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र	06
19	सूकर रोग निदान प्रयोगशाला	01
20	सूकर पालन प्रशिक्षण केन्द्र	01
21	बतख प्रक्षेत्र	01
22	बटेर प्रक्षेत्र	01
23	कुक्कुट काम्प्लेक्स	09
24	कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला	01
25	सचल कुक्कुट डायग्नोस्टिक लैब	10
26	कुक्कुट पालन प्रशिक्षण केन्द्र	01
27	कुक्कुट प्रक्षेत्र	11
28	पुलोरम डिजीज कन्ट्रोल यूनिट	02
29	पशुशव उपयोग प्रशिक्षण केन्द्र, बक्शी का तालाब,	01
30	पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र	06
31	बोवाइन स्टर्लिटी एवं इन्फर्टिलिटी नियंत्रण प्रयोगशाला	09
32	थनैला रोग नियंत्रण प्रयोगशाला, मुख्यालय	01
33	टी०बी0, ब्रूसेल्ला एवं जोनाईन यूनिट, मुख्यालय	01
34	आहार परीक्षण प्रयोगशाला, मुख्यालय	01
35	इपिडिमियोलाजी यूनिट, मुख्यालय	01
36	कैनाईन रैबीज कन्ट्रोल यूनिट	10
37	पशु जैविक औषधि संस्थान, लखनऊ	01

ई-गवर्नेन्स के अन्तर्गत प्रमुख कार्यक्रम

पशुपालन विभाग अन्तर्गत विभाग में एक ई-गवर्नेन्स कक्ष कार्यरत है। पशुपालन विभाग की वेबसाइट (**http://animalhusb.up.nic.in**) कार्यरत है। जिसमें विभागीय क्रियाकलापों, कार्यक्रमों, संस्थाओं एवं विभिन्न प्रशिक्षण आदि की महत्वपूर्ण जानकारी इन्टरनेट पर प्रेषित की गई है। वेबसाइट समय-समय पर अधुनान्त (अपडेट) की जाती है। विभागीय वेबसाइट पर नागरिक अधिकार पत्र, सूचना का अधिकार अधिनियम उपलब्ध है। विभाग द्वारा किये जाने वाले समस्त टेण्डर, टेण्डर फार्म, दर सूचियां विभागीय बेवसाइट पर उपलब्ध करायी जाती हैं। विभाग के टेन्डर वेबसाइट से डाउनलोड कर भरे जा सकते हैं। बेवसाइड पर सभी पशुचिकित्साविदों के अधिष्ठान से सम्बन्धित विवरण एवं वरिष्ठता सूची उपलब्ध है। न्यायालयों के वादों के त्वरित निस्तारण को दृष्टिगत रखते हुये वादों को कम्प्यूटरीकृत किया गया है जिससे वादों का अनुश्रवण प्रभावी हो गया है। 19वीं पशुगणना के आंकड़े भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये है। साथ ही वित्तीय स्वीकृतियां, बजट एवं आवंटन तथा अन्य विभागीय शासनादेश भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये हैं।

वर्तमान में निदेशालय के प्रत्येक अनुभाग में कम्प्यूटर कार्यरत है। प्रदेश के 18 मण्डलीय कार्यालयों एवं जनपद मुख्यालयों पर भी कम्प्यूटर स्थापित एवं कार्यशील हैं। विभागीय सूचनाओं के त्वरित प्रेषण हेतु विभाग द्वारा अधिक से अधिक ई-मेल एवं बेवसाइट का प्रयोग किया जा रहा है।

विभाग अन्तर्गत अधिकारियों / कर्मचारियों के वेतन भत्तों एवं अन्य सभी प्रकार के देयकों का त्वरित एवं सुगमतापूर्वक भुगतान सुनिश्चित करने हेतु ई-पेमेन्ट प्रणाली लागू की गई है। बजट आवंटन प्रकिया को भी पूर्ण रुप से कम्पयूटरीकृत किया गया है तथा बजट आवंटन का कार्य आनलाइन किया जा रहा है।

प्रदेश के पशुपालकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु मुख्यालय पर एक पशुधन समस्या निवारण केन्द्र की स्थापना की गई है, जो पशुपालकों के हित में प्रातः 8.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक सप्ताह के सातों दिन कार्यरत है। उक्त केन्द्र पूर्णतया आन लाइन एवं आधुनिक सूचना तकनीक पर क्रियाशील है। इसके माध्यम से पशुपालकों की पशुधन संबंधी समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जा रहा है।

विभाग अन्तर्गत जनपदीय एवं मण्डलीय अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा सूचना तकनीक का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है एवं इस हेतु उन्हें कम्प्यूटर संचालन, इन्टरनेट, ई-मेल आदि का प्रशिक्षण भी मुख्यालय पर दिया गया है।

भारत सरकार के पशुपालन एवं डेरी विभाग के सहयोग से पशु रोगों पर प्रभावी नियंत्रण एवं निगरानी के उद्देश्य से नेशनल एनीमल डिजीज रिर्पोटिंग इन्फार्मेशन सिस्टम (एन०ए०डी०आर०एस०) आनलाइन नेटवर्क प्रदेश में स्थापित किया गया है। जिससे ब्लाक स्तर के पशु चिकित्सालय पशुरोगों की निगरानी हेतु जनपदीय कार्यालयों से एवं मुख्यालय के एन०ए०डी०आर०एस० सेल से जुड़ गये हैं एवं डिजीज रिपोर्टिंग का कार्य चल रहा है, जिससे पशुरोगों की निरन्तर निगरानी एवं नियंत्रण में प्रभावी एवं गुणात्मक सुधार आयेगा।

प्रदेश में प्रथम बार विभागीय भर्तियों हेतु आन लाइन आवेदन पत्र प्राप्त कर परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। परीक्षा प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता हेतु कम्प्यूटराइजेशन एवं ई-गर्वर्नेन्स का प्रभावशाली योगदान रहा ।

वित्तीय आवश्यकतायें

क- कार्यक्रम का वर्गीकरण **(धनराशि रु० लाख में) (तालिका - 7क)**

कार्यक्रम	आय-व्ययक अनुमान			वास्तविक व्यय		
	2016-17			2016-17		
	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग
001-निदेशन एवं प्रशासन	170.4	68662.79	68833.21	106.5	61083.67	61190.20
101-पशुचिकित्सा सेवायें तथा पशुस्वास्थ्य	35709.57	-	35709.57	21928.29	-	21928.29
102-पशु तथा भैंस विकास	18306.87	233.00	18539.87	14962.58	215.10	15177.68
103-कुक्कुट विकास	1900.00	-	1900.00	1611.02	-	1611.02
104-भेड़ तथा ऊन विकास	25.00	-	25.00	25.00	-	25.00
105-सूकर विकास	-	-	-	-	-	-
106-अन्य पशुधन विकास	47.50	3647.09	3694.59	10.53	3593.98	3604.51
107-चारा तथा चारागाह विकास	294.60	-	294.60	157.08	-	157.08
113-प्रशासनिक अन्बेषण तथा सांख्यकीय	353.68	-	353.68	275.16	-	275.16
800-अन्य व्यय	687.29	3503.90	4191.19	669.24	3129.64	3798.88
2013- मंत्रि परिषद	-	0.10	0.10	-	0.10	0.10
योग-मतदेय	57494.93	76046.88	133541.81	39745.43	68022.49	107767.92
भारित	-	13.79	13.79	-	-	-

(धनराशि रु० लाख में) (तालिका - 7ख)

कार्यक्रम	आय-व्ययक अनुमान / बजट 2017-18
001-निदेशन एवं प्रशासन	
101-पशुचिकित्सा सेवायें तथा पशुस्वास्थ्य	
102-पशु तथा भैंस विकास	
103-कुक्कुट विकास	
104-भेड़ तथा ऊन विकास	
105- सूकर विकास	
106-अन्य पशुधन विकास	
107-चारा तथा चारागाह विकास	
113-प्रशासनिक अन्बेषण तथा सांख्यकीय	
800-अन्य व्यय	
2013- मंत्रि परिषद	
भारित	
योग मतदेय	

ख- विभागीय आय-व्ययक वर्गीकरण (धनराशि रु० लाख में) (तालिका - 8क)

कार्यक्रम	आय-व्ययक अनुमान			वास्तविक व्यय		
	2016-17			2016-17		
	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग
1.वेतन	812.86	28623.13	29453.99	691.39	32610.11	33301.50
2.सहायता अनुदान-सामान्य(वेतन)	55.29	3253.90	3309.19	40.22	2879.65	2919.87
3.महगाई भत्ता	1105.49	37723.13	38828.62	545.81	26412.63	26958.44
4.यात्रा भत्ता	357.10	72.08	429.18	169.12	81.98	251.11
5.अन्य भत्ता	81.28	1575.57	1656.85	30.19	1373.92	1404.11
6.प्रासांगिक:-						
(क)सामान्य	28763.96	4798.40	33562.36	22398.90	4664.20	27063.10
(ख)भारित	-	13.79	13.79	-	-	-
7.कैपिटल आउटले	26318.95	-	26318.95	15869.80	-	15869.80
योग	**57494.93**	**76046.21**	**133541.14**	**39745.43**	**68022.49**	**107767.92**

(धनराशि रु० लाख में) तालिका - 8ख

कार्यक्रम	आय-व्ययक अनुमान / बजट 2017-18
1.वेतन	
2सहायता अनुदान-सामान्य(वेतन)	
3.महगाई भत्ता	
4.यात्रा भत्ता	
5.अन्य भत्ता	
6.प्रासांगिक:-	
(क)सामान्य	
(ख)भारित	
7.कैपिटल आउटले	
योग	

ग- अनुदान संख्या- 15 के अधीन मुख्य लेखाशीर्षकवार आय -व्ययक (एक दृष्टि में)

(लाख रू0 में) (तालिका 9)

अनुदान संख्या/ लेखाशीर्षक	आय-व्ययक अनुमान			वास्तविक व्यय		
	2016-17			2016-17		
	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग
15/2013 मंत्रि परिषद	-	0.10	0.10	-	0.10	0.10
15/2403 पशुपालन	31175.98	76046.88	107222.86	23875.63	68022.39	91898.02
15/4403 पशुपालन पर पूंजीगत परिव्यय	26318.95	-	26318.95	15869.80	-	15869.80
भारित	-	13.79	13.79	-	-	-
कुल योग	**57494.93**	**76046.88**	**133541.81**	**39745.43**	**68022.49**	**107767.92**

अनुदान संख्या/ लेखाशीर्षक	आय-व्ययक अनुमान / बजट 2017-18
15/2013 मंत्रि परिषद	
15/2403 पशुपालन	
15/4403 पशुपालन पर पूंजीगत परिव्यय	
भारित	
कुल योग	

वित्तीय अवश्यकताओं का विवरण

1- निदेशन तथा प्रशासन

वित्तीय मांग **धनराशि रु० लाख में** **तालिका -10**

लेखाशीर्षक	आय -व्ययक अनुमान			वास्तविक व्यय		
	2016-17			2016-17		
	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग
निदेशन तथा प्रशासन						
मतदेय	170.42	68662.79	68833.21	106.53	61083.67	61190.20
भारित	-	13.79	13.79	-	-	-

लेखाशीर्षक	आय -व्ययक अनुमान 2017-18
निदेशन तथा प्रशासन	
मतदेय	
भारित	

परिचयात्मकः-

मण्डलों में अपर निदेशक, ग्रेड-II तथा जनपदों में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी का पद सृजित है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के पशुपालन के क्रिया-कलापों के उचित प्रशासन तथा क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के कार्यकलापों का निरीक्षण किया जाता है तथा निरीक्षण के समय पायी गयी विशेष बातों के सम्बन्ध में निदेशालय से सम्बन्धित अधिकारियों तथा मण्डलाधिकारियों को यथोचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता है।

कार्यभार का सारांश, वित्तीय आवश्यकताओं का औचित्य

विभागीय कार्यकलापों का संचालन मण्डल स्तर पर अपर निदेशक, ग्रेड-II तथा जिला स्तर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा किया जाता है। इनके द्वारा कार्यक्रमों का संचालन एवं प्रशासनिक कार्य सम्पादित किया जाता है।

2- पशुचिकित्सा सेवाएं तथा पशु स्वास्थ्य

वित्तीय माँग (धनराशि लाख रू0 में) **तालिका -11**

लेखाशीर्षक	आय -व्ययक अनुमान			वास्तविक व्यय		
	2016-17			2016-17		
	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग
पशु चिकित्सा सेवा एवं पशु स्वास्थ्य	35709.57	-	35709.57	21928.29	-	21928.29

लेखाशीर्षक	आय -व्ययक अनुमान 2017-18
पशु चिकित्सा सेवा एवं पशु स्वास्थ्य	

1.पशुचिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें

परिचयात्मकः-

कृषि के साथ-साथ पशुपालन का कार्य ग्रामीण परिवेश में एक सामान्य प्रक्रिया है परन्तु प्रति व्यक्ति कम कृषि जोत भूमि होने के कारण गाँवों में जीविकोपार्जन एवं आर्थिक उन्नति हेतु पशुपालन एक प्रमुख साधन है। विभिन्न पशुधन विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पशुचिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन कर रहा है। पशुओं को पूर्णतः स्वस्थ रखने एवं गुणवत्तायुक्त पशुजन्य उत्पादों की निरंतर आवश्यकता अपरिहार्य होने के कारण पशु चिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य का महत्व स्वतः बढ़ गया है।

उद्देश्यः-

1-प्रदेश के पशुओं को चिकित्सा सुविधा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधायें उपलब्ध कराना ।
2-पशुओं में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु टीकाकरण कार्य निष्पादित करना ।
3-अनियंत्रित पशु प्रजनन को रोकने तथा कृत्रिम गर्भाधान को बढावा दिए जाने हेतु अवर्णित व अनुपयोगी नर पशुओं का बधियाकरण करना।
4-प्रदेश में स्थापित पशु चिकित्सा पालीक्लीनिक के माध्यम से गुणवत्तायुक्त विशेषज्ञ पशु चिकित्सा सेवाओं को उपलब्ध कराना।
5-जनपद में स्थापित रोग निदान प्रयोंगशालाओं के माध्यम से पशुओं में उत्पन्न होने वाली बीमारियों के निदान हेतु रोंगों की जांच, पैथालौजी की सुविधा उपलब्ध कराना ।
6-पशुओं से मानव में फैलने वाली रैबीज जैसी जानलेवा बीमारियों नियंत्रण करना।
7-प्रदेश में होने वाली प्रमुख बीमारियों को भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप पर सर्वे का कार्य किया जाना।
8-रिण्डरपेस्ट जैसी घातक बीमारी का पुनः प्रकोप न होने के उद्देश्य से रूट सर्च एवं विलेज सर्च का कार्य करना।
12-रोगों के रोकथाम हेतु प्रमुख वैक्सीनों का उत्पादन जैविक औषधि उत्पादन संस्थान द्वारा किया जाना।

कार्यों का विवरण एवं निर्वहन

1- पशु चिकित्सा एवं रोगों की रोकथामः-

(अ) पशु चिकित्सा एवं रोगों की रोकथाम हेतु 2202 पशु चिकित्सालय, 267 'द' श्रेणी पशु औषधालयों तथा 2575 पशु सेवा केन्द्रों से निरन्तर सेवायें उपलब्ध करायी जा रही है। वर्तमान में लगभग 20000 पशु संख्या पर एक पशुचिकित्सालय स्थापित है।

राष्ट्रीय कृषि आयोग की संस्तुति के आधार पर प्रत्येक 5000 पशुओं पर एक पशुचिकित्सालय की स्थापना की जानी थी। परन्तु सीमित संसाधन एवं धनाभाव के कारण उत्तर प्रदेश में उक्त सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वर्ष 2017-18 में नवीन पशुचिकित्सालयों की स्थापना, बाउन्ड्रीवाल का निर्माण, अधूरे/जर्जर/भवन विहीन पशु चिकित्सालयों के निर्माण के साथ-साथ नवीन पशु सेवा केन्द्रों के खोले जाने व पशु सेवा केन्द्रो के बाउन्ड्रीवाल, अधूरे/जर्जर/भवन विहीन के निर्माण का प्रस्ताव है।

(ब) पशुचिकित्सालयों का सुदृढ़ीकरण (पशुचिकित्सालयों का पुनरोद्धार तथा अतिरिक्त उपकरणों की व्यवस्था)-75 प्रतिशत सम्प्रति 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना के अन्तर्गत प्रारम्भिक चरण में चिन्हित जनपदों के अनुमोदित 150- तहसील स्तरीय पशुचिकित्सालयों का सुदृढ़ीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त योजना के द्वितीय चरण में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य 81 तहसील स्तरीय पशुचिकित्सालयों में से 58 का पुनरोद्धार अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण है। अवशेष 23 तहसील स्तरीय पशुचिकित्सालयों में से 6 पशुचिकित्सालयों का पुनरोद्धार अंतर्गत निर्माण कार्य वर्ष 2016-17 में किया गया है। राजस्व मद से 20 तहसील स्तरीय पशुचिकित्सालयों पर अतिरिक्त उपकरणों से व्यवस्थित किया गया है। वर्ष 2017-18 में उक्त योजना का क्रियान्वयन आर०के०वी०वाई० अंतर्गत प्रस्तावित है।

2- पालीक्लीनिक की स्थापना:-

वर्तमान में विषय विशेषज्ञों द्वारा विशेष चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने हेतु पांच पशु चिकित्सा पालीक्लीनिक क्रमशः गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, लखनऊ, बड़ौत-बागपत तथा सैफई-इटावा में कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से रेडियोलाजिस्ट, सर्जन एवं गायनोकोलाजिस्ट द्वारा विशेष रोग निदान सेवायें (विषय विशेषज्ञों द्वारा) आधुनिक उपकरणों के माध्यम से उपलव्ध कराई जा रही है। इटावा जनपद के सैफई एवं जनपद-बागपत के बड़ौत में स्थापित नवीन पशु चिकित्सा पालीक्लीनिकों के संचालन हेतु पदों का सृजन हो चुका है, जिसके सापेक्ष प्रश्नगत पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक भी क्रियाशील हो गये हैं। वर्ष 2007-08 में जनपद-गौतमबुद्धनगर में नवीन पशु चिकित्सा पालीक्लीनिक बादलपुर की स्थापना हेतु स्वीकृत है, जिसके निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 में बजट व्यवस्था की कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2014-15 में जनपद-बस्ती में नवीन पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक की स्थापना हेतु स्वीकृत है, जिसके निर्माण की कार्यवाही की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रदेश के 15-मण्डलीय मुख्यालयों पर एक-एक नवीन पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक की स्थापना हेतु नाबार्ड द्वारा ग्रामीण अवस्थापना विकास निधि (आर0आई0 डी0एफ0) अंतर्गत वित्त पोषित की स्वीकृति प्रदान की गयी जिसमे से 8 पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक की स्थापना हेतु धनराशि अवमुक्त की गयी। शेष 7 पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक की स्थापना हेतु बजट व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रस्तावित है।

3- रोग निदान तथा बीमारियों की खोजः-

उक्त कार्य हेतु एक केन्द्रीय प्रयोगशाला निदेशालय पर तथा 10 मंडलीय प्रयोगशालायें मंडलों पर कार्यरत है, जिनके द्वारा पशुरोगों की जाँच एवं डायग्नोसिस की सेवाएं प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2004-05 में मण्डलीय प्रयोगशाला वाराणसी एवं फैजाबाद, वर्ष 2005-06 में बरेली, मुरादाबाद तथा वर्ष 2006-07 में इलाहाबाद एवं आगरा तथा वर्ष 2007-08 में मेरठ में प्रयोगशालाओं का सुदृढीकरण किया गया है। वर्ष 2008-09 से 2009-10 में झांसी व कानपुर में प्रयोगशालाओं के सुदृढीकरण का कार्य किया गया है। वर्ष 2010-11 में अलीगढ़ में स्थापित स्वाईन फीवर प्रयोगशाला के सुदृढीकरण हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष सुदृढीकरण का कार्य किया गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रदेश के अन्य 65 जनपदों के मुख्यालय पर एक-एक नवीन रोग निदान प्रयोगशाला की स्थापना किये जाने हेतु 11.00 करोड़ आर0के0वी०वाई0 से स्वीकृत है तथा निर्माण कार्य प्रगति पर है।

4- पशुरोगों के नियंत्रण का कार्यक्रमः-

(1) पशुपालन विभाग द्वारा आलोच्य वर्ष 2017-18 सें पशुओं के रोगों के नियंत्रण हेतु विभिन्न प्रकार के रोग निरोधक टीकाकरण का कार्य निशुल्क किया जा रहा है।

(2) पशु रोगों के नियन्त्रण हेतु राज्यों को सहायता एस्कैड प्रतिशत सम्प्रति 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना के अन्तर्गत समस्त जनपदों में सघन टीकाकरण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त 75-जनपदों में एच0एस0 रोग निरोधक टीकाकरण का कार्यक्रम अभियान के रुप में चलाया गया। योजनान्र्तगत पशुओं की विभिन्न रोगों से सुरक्षा हेतु पशुपालकों को जागरुक करने हेतु विविध कार्यक्रम एवं पशुचिकित्साविदों व पैरावेटनरी कार्मिकों को समय समय पर आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का कार्य भी किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 में समस्त 75-जनपदों में भारत सरकार के निर्देशानुसार पी0पी0आर0 टीकाकरण एक पृथक कार्यक्रम-पी0पी0आर0-सी0पी0 (60 प्रतिशत के0पो0) के अन्र्तगत किया जा रहा है।

पशु रोगो के नियन्त्रण हेतु राज्यो को सहायता (एस्कैड)-योजनान्तार्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार 12वीं पंचवर्षीय योजना में, कुत्तों के काटने से पशुओं में होने वाले रैबीज रोग की रोकथाम हेतु रैबीज रोग निरोधक टीकाकरण एवं पशुओं को अन्तः परजीवी से सुरक्षित रखने हेतु अभियान के रुप में दवापान की व्यवस्था किये जाने के लिये इण्डो पैरासिटिक कन्ट्रोल कार्यक्रम नामक दो नवीन कार्यक्रमों का प्रदेश के समस्त जनपदों में क्रियान्वयन किया जा रहा है।

(3) वित्तीय वर्ष 2003-04 से 2013-14 तक खुरपका मुॅहपका, रोग नियंत्रण कार्यक्रम 17-जनपदों सम्प्रति 20-जनपदों में कुल 15 चरणों का टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया । भारत सरकार के निर्देशानुसार 12वीं पंचवर्षीय योजना में खुरपका-मुहॅपका रोग-नियन्त्रण कार्यक्रम एफ0एम0डी0- सी0पी0 के विस्तारीकरण के समक्ष वर्ष 2014-15 में प्रश्नगत

कार्यक्रम का प्रदेश के समस्त 75-जनपदों को अच्छादित कर 16वें चरण के रुप में निशुल्क एफ0एम0डी0 टीकाकरण अभियान का कार्य किया गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 में 19वें चरण के रुप में निशुल्क एफ0एम0डी0-टीकाकरण अभियान दि0 15 सितम्बर 2016 से तथा 15 मार्च, 2017 से 45-45 दिनों का चलाया गया। यह टीकाकरण अभियान प्रत्येक 6 माह के अन्तराल पर चलाया जाता है ताकी प्रदेश खुरपका मुॅहपका रोग से मुक्त हो सके।

(4) पशुरोगों के महामारी की निगरानी तथा उसकी रोकथाम के लिए प्रदेश में होने वाली प्रमुख बीमारियों के सर्वे का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 1996-97 से अब तक 153 बीमारियों का सर्वे प्रारम्भ किया गया है, जिसके अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप पर रोग का सर्वे किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत सरकार की नेशनल एनिमल डिजीज रिपोर्टिंग सिस्टम (100 प्रतिशत के0पो0) योजना के माध्यम से चलाया जा रहा है।

(5) अन्य प्रमुख बीमारियों जैसे टी0बी0 ब्रूसेल्ला, पुलोरम डिजीज, स्वाइन फीवर, रैबीज एवं बोवाइन स्टर्लिटी/इन्फर्टीलिटी एवं संक्रामक गर्भपात का नियंत्रण किया जाता है। उक्त रोगों के नियंत्रण हेतु प्रदेश में निदेशालय स्तर पर कुक्कुट रोग नियंत्रण प्रयोगशाला, टी0बी0 ब्रूसेला यूनिट स्थापित है। वर्तमान समय में 9 स्टर्लिटी इन्फर्टिलिटी एंव 10 कैनाइन रैबीज यूनिट, 2 पुलोरम डिजीज यूनिट, एक सूकर रोग निदान प्रयोगशाला स्थापित हैं।

(6) पशुरोगों के नियंत्रण के अन्तर्गत नेशनल कन्ट्रोल प्रोग्राम आन ब्रुसेल्लोसिस (एन0सी0पी0बी0)- 100 प्रतिशत सम्प्रति 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना के माध्यम से प्रदेश में प्रजनन योग्य मादा पशुओं में प्रजनन योग्य मादा पशुओं में संक्रामक गर्भपात (ब्रुसेल्लोसिस) को नियंत्रित करने हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

5- नेशनल प्रोजेक्ट ऑन रिन्डरपेस्ट सर्विलान्स एण्ड मानीटरिंग :-

यह 100 प्रतिशत केन्द्र पुरोनिधानित योजना है। भारत सरकार द्वारा प्रदेश को पोकनी रोग से मुक्त घोषित किया गया है। पूरे प्रदेश में रिन्डर पेस्ट जैसी घातक बीमारी का पुनः प्रकोप न होने के उद्देश्य से रूट सर्च एवं विलेज सर्च का कार्य किया जा रहा है। जिसके अन्त्गत रोग से ग्रस्त सम्भावित पशुओं को डे-बुक रजिस्टर में अंकित करना तथा पशुओं पर व्यापक निगरानी रखने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रिण्डरपेस्ट रोग वर्तमान समय में नही है परन्तु यह रोग वायरस द्वारा फैलने वाला बहुत ही भयानक रोग है जिसके संचारित होने की सदैव सम्भावना बनी रहती है, इसलिये इस पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखना निरंतर निगरानी आवश्यक है।

प्रक्रियात्मक रणनीतिः-

पशु चिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्त कार्यक्रमों के लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति तथा उसमें गुणात्मक सुधार लाये जाने हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाये जाने हेतु बल दिया गया हैः-

1. रोग नियंत्रण सम्बन्धी सभी कार्यक्रमों के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को चिन्हित कर वार्षिक, त्रैमासिक तथा मासिक लक्ष्यों को निर्धारित कर तदानुसार समीक्षा, मूल्यांकन तथा कार्यक्रम

में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण हेतु त्वरित प्रभावी कार्यवाही किये जाने की व्यवस्था की गई है ।

2. पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी तथा पशुओ में रोगों के रोकथाम संबंधी कार्यक्रमों को पशुपालकों में लोकप्रिय बनाने तथा उन्हें आधुनिकतम जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पशुपालन प्रचार-प्रसार को और सुदृढ़ किया जा रहा है । कृषि क्रय में रसायनिक खाद के उपयोग से भूमि की उर्वरता शक्ति लगातार घटती जा रही है जिससे उत्पादन भी प्रभावित है। कृषि उपज में वृद्धि लाने एवं भूमि की उर्वरता शक्ति को बरकरार रखने एवं पौष्टिक खाद्यान्न पैदा करने हेतु पशुपालन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पशुपालन से जैविक खाद की उपलब्धता तथा इसके उपयोग से कृषि योग्य भूमि की उर्वरा शक्ति बढेगी तथा पशुओं से प्रचुर मात्रा में दुग्ध तथा दुग्ध पदार्थो की उपलब्धता भी होगी। विभाग द्वारा जनमानस में प्रचार-प्रसार, कृषकों एवं पशुपालकों को सामयिक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु वर्तमान रणनीति के साथ-साथ समय की मांग/ क्षेत्र विशेष की भौगोलिक स्थिति के अनुरुप योजनाओं को तैयार करने हेतु रणनीति भी तैयार की जा रही है।

पशुरोगों के नियंत्रण के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के लक्ष्य/पूर्ति का विवरण

(संख्या लाख में)

	वर्ष 2015-16		वर्ष 2016-17		वर्ष 2017-18 (30 मई, 17 तक	
कार्यक्रम	**लक्ष्य**	**पूर्ति**	**लक्ष्य**	**पूर्ति**	**लक्ष्य**	**पूर्ति**
टीकाकरण	1766.04	1116.742	1655.80	1595.52	1655.80	-
चिकित्सा	302.86	341.714	302.86	354.73	318.08	-

रोगों से बचाव हेतु टीकों का उत्पादन

स्वस्थ पशु देश की चल संपत्ति हैं। रोगों के निदान से बेहतर बचाव के सिद्धान्त को मानते हुए पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए पशु जैविक औषधि संस्थान द्वारा उत्पादित टीका बहुत प्रभावकारी है। पशु-पक्षियों में विभिन्न रोगों के रोकथाम हेतु टीकों के उत्पादन का कार्य निदेशालय स्थित पशु जैविक औषधि संस्थान के द्वारा किया जा रहा है।

पशु जैविक औषधि संस्थान, बादशाहबाग, लखनऊ में विभिन्न प्रकार की विषाणु तथा जीवाणु जनित रोगों से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के टीकों (वैक्सीनों) का उत्पादन प्रदेश के ड्रग्स' एवं कास्मेटिक्स ऐक्ट' के अनुसार विधिवत् निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाता है। संस्थान में इनके उत्पादन के पश्चात् प्रयोगात्मक पशुओं पर इनका परीक्षण तथा विश्लेषण होता है। उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित होने पर ही वितरण हेतु इन्हें जारी किया जाता है। प्रदेश के जनपदों से प्राप्त मांग के अनुसार उत्पादित वैक्सीनों का वितरण संस्थान द्वारा ही सुनिश्चित किया जाता है।

पशु जैविक औषधि संस्थान, बादशाहबाग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2014-15 में विभिन्न 08 प्रकार की वैक्सीनों का उत्पादन किया गया। वर्ष 2014-15 में कुल 228.494 लाख, वर्ष 2015-16 में 285.82 लाख तथा वर्ष 2016-17 में 167.61 लाख खुराक वैक्सीन उत्पादित हुई जैसा कि क्रमशः तालिका- 12 व 13 में दर्शाया गया है।

रोगों से बचाव हेतु टीकों का उत्पादन (खुराक लाख में)

तालिका- 12

क्र० सं०	जैविक औषधियों के नाम	2014-15		2015-16		2016-17	
		लक्ष्य	**उत्पादन**	**लक्ष्य**	**उत्पादन**	**लक्ष्य**	**उत्पादन**
1.	**आर0डी0एफ0-1 वैक्सीन**	10.00	8.350	11.00	8.40	8.50	0.00
2.	**आर0डी0(आर02बी) वैक्सीन**	62.00	66.756	66.00	66.52	66.00	33.50
3.	**फाउल पाक्स वैक्सीन**	6.00	2.400	6.60	2.11	4.00	0.00
4.	**स्वाइन फीवर वैक्सीन**	1.20	0.733	1.30	1.08	1.30	0.56
5.	**एच0एस0एलम वैक्सीन**	145.00	139.70	250.00	197.76	225.00	133.55
6.	**बी0क्यू0 वैक्सीन**	2.10	2.375	2.20	2.25	2.20	0.00
7.	**टिशू कल्चर शीप पाक्स वैक्सीन**	5.20	5.20	5.50	5.50	5.50	0.00
8.	**इन्ट्रोटाक्सीमिया वैक्सीन**	2.10	2.980	2.20	2.20	2.20	0.00
	योग.	**233.60**	**228.494**	**344.8**	**285.82**	**314.70**	**167.61**

वैक्सीन की उपलब्धि एवं वितरण की स्थिति (खुराक लाख में)

तालिका- 13

क्र० सं०	जैविक औषधियों के नाम	2015-16		2016-17	
		वितरण हेतु उपलब्ध वैक्सीन	वितरण	वितरण हेतु उपलब्ध वैक्सीन	वितरण
1	**आर0डी0 (आर 2बी) वैक्सीन**	72.532	57.684	81.388	51.592
2	**आर0डी0एफ0-1 वैक्सीन**	16.604	8.804	16.200	7.650
3	**फाउल पाक्स वैक्सीन**	0.640	0.640	6.110	2.110
4	**स्वाइन फीवर वैक्सीन**	1.408	1.145	1.371	1.289
5	एच0एस0एलम वैक्सीन	271.495	242.270	262.863	253.383
6	बी0क्यू0 वैक्सीन	4.503	3.073	1.4303.762	1.635
7	टिशू कल्चर शीप पाक्स वैक्सीन	10.734	5.326	10.918	5.545
8	इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	5.13	2.930	4.750	2.198
9	पी0पी0आर0 वैक्सीन	171.397	161.042	50.357	10.401
10	एफ0एम0डी0 वैक्सीन प्राइवेट	0.00	0.00	0.00	0.00
11	ब्रुसेल्ला वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00
	योग.	**554.443**	**482.914**	**437.719**	**335.803**

नोट. वित्तीय वर्ष 2016-17 में एच0एस0 वैक्सीन 92.158 लाख खुराक निदेशालय द्वारा क्रय कर संस्थान को वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है।

वर्ष 2017-18 के लिये आय-व्ययक में बजट व्यवस्था की गई है जिससे कि संस्थान द्वारा प्रदेश में उपलब्ध बड़े पशुओ, छोटे पशुओं तथा मुर्गियों का संक्रामक रोगों से बचाव के लिए क्षमतानुसार अधिक से अधिक जैविक टीके निर्मित किये जा सकेगें। उपरोक्त धनराशि की मांग के सापेक्ष तालिका 14 के अनुसार वर्ष 2017-18 में विभिन्न वैक्सीन के निर्माण हेतु लक्ष्य प्रस्तावित है। (वैक्सीन खुराक लाख में)

तालिका- 14

क्र० सं०	जैविक औषधियों के नाम	2016-17		2017-18 अनुमानित	
		लक्ष्य	उत्पादन	लक्ष्य	उत्पादन
1.	आर0डी0 (आर 2बी) वैक्सीन	66.00	21.648	67.00	-
2.	आर0डी0एफ0-1 वैक्सीन	8.50	6.624	11.00	-
3.	फाउल पाक्स वैक्सीन	4.00	1.884	6.60	-
4.	स्वाइन फीवर वैक्सीन	1.30	0.514	1.30	-
5.	एच0एस0एलम वैक्सीन	225.00	145.154	250.00	-
6.	बी0क्यू0 वैक्सीन	2.20	1.427	2.30	-
7.	टिशू कल्चर शीप पाक्स वैक्सीन	5.50	2.535	5.60	-
8.	इन्ट्रोटाक्सीमिया वैक्सीन	2.20	2.198	2.30	-
	योग	**314.70**	**181.984**	**346.10**	-

पशु जैविक औषधि संस्थान, बादशाहबाग, लखनऊ के 2017-18 के वैक्सीन उत्पादन त्रैमासवार लक्ष्य

तालिका- 15

क्र०सं०	**वैक्सीन का नाम**	**प्रथम त्रैमास**	**द्वितीय त्रैमास**	**तृतीय त्रैमास**	**चतुर्थ त्रैमास**	**वार्षिक योग**
1.	आर0डी0 (आर 2बी) वैक्सीन	18.00	18.00	16.00	15.00	67.00
2.	आर0डी0एफ0-1 वैक्सीन	2.50	6.50	2.00	0.00	11.00
3.	फाउल पाक्स वैक्सीन	0.00	2.00	2.55	2.05	6.60
4.	स्वाइन फीवर वैक्सीन	0.00	0.90	0.40	0.00	1.30
5.	एच0एस0एलम वैक्सीन	90.00	85.00	0.00	75.00	250.00
6.	बी0क्यू0 वैक्सीन	0.00	0.00	2.30	0.00	2.30
7.	टिशू कल्चर शीप पाक्स वैक्सीन	0.00	0.00	2.80	2.80	5.60
8.	इन्ट्रोटाक्सीमिया वैक्सीन	0.00	0.00	2.30	0.00	2.30
	योग.	**110.50**	**112.40**	**28.35**	**94.85**	**346.10**

वर्ष 2017-18 में वैक्सीन उत्पादन का प्रस्तावित माहवार कार्यक्रम

तालिका- 16

क्र०सं०	**वैक्सीन का नाम**	**4/17**	**5/17**	**6/17**	**7/17**	**8/17**	**9/17**	**10/17**
1.	आर0डी0 (आर 2बी) वैक्सीन	6.00	6.00	6.00	6.00	6.00	6.00	6.00
2.	आर0डी0एफ0-1 वैक्सीन	0.00	0.00	2.50	2.50	2.00	2.00	2.00
3.	फाउल पाक्स वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	1.00	1.00	0.85
4.	स्वाइन फीवर वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.50	0.40	0.20
5.	एच0एस0एलम वैक्सीन	30.00	30.00	30.00	30.00	30.00	25.00	0.00
